# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
## गौतम बुद्ध नगर

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की तीसवीं बैठक दिनाँकः 20 सितम्बर, 2022 को प्रातः 11:00 बजे कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अधोलिखित सदस्यगण उपस्थित हुएः

**शिक्षा सोसाइटी द्वारा नाम निर्दिष्ट सदस्य**

1. **प्रो0 सुनील कुमार खरे** ........... सदस्य
डीन, आर एंड डी एंड इंस्टीट्यूट चेयर प्रोफेसर ऑफ बायोकैमिस्ट्री
एंजाइम और माइक्रोबियल बायोकैमिस्ट्री लैब, रसायनिकी विभाग
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली,
**नई दिल्ली–110016**

2. **प्रो0 संतोष कुमार** ........... सदस्य
जीओलॉजी डिपार्टमेंट, सेंटर ऑफ एडवांस स्टडी,
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल,
**उत्तराखण्ड**

3. **प्रो0 शैलेंद्र सिंह गौरव** ........... सदस्य
डीन, कृषि फैक्ल्टी
प्रोफेसर, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग डिपार्टमेंट
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय
**मेरठ–240004**

**विश्वविद्यालय के आचार्य/अधिष्ठाता/प्रभारी अधिष्ठातागण**

5. **प्रो0 एन.पी मेलकानियाँ** ........... सदस्य
प्रोफेसर
अधिष्ठाता शैक्षिक
अधिष्ठाता, शोध एवं नियोजन
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एण्ड एप्लाईड साइंसेज
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

6. **प्रो0 श्वेता आनन्द** ........... सदस्य
प्रोफेसर
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

7. **डा0 नीती राणा,** ........... सदस्य
एसोशिएट प्रोफेसर
स्कूल ऑफ बायोटैक्नोलोजी
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेज,
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बुद्धिष्ट स्टडीज एण्ड सिविलाईजेशन
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

8. **डा0 कीर्ति पाल** ........... सदस्य
एसोशिएट प्रोफेसर
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

9. **डा0 मनमोहन सिंह सिसौदियॉ** ........... सदस्य
इंचार्ज, अधिष्ठाता छात्र कल्याण
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

10. **डा0 कृष्णकांत द्विवेदी** ........... सदस्य
प्रभारी अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेस
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

**कुलाधिपति द्वारा नामनिर्देशिती सदस्य :–**

10. **प्रो0 संजय कुमार शर्मा** ........... सदस्य
प्रोफेसर
अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ आई0सी0टी0
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

11. **प्रो0 वन्दना पाण्डेय** ........... सदस्य
प्रोफेसर, स्कूल ऑफ हयुमैनिटीज एण्ड सोशल साइंसेस
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

13. **डा0 विश्वास त्रिपाठी** ........... सचिव
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय।

**जो सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके:**

**प्राविधिक शिक्षा परिषद् द्वारा नामनिर्देशिती सदस्य;**

**प्रो0 विवेक कुमार** ........... सदस्य
प्रोफेसर
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
**नई दिल्ली**

**औद्योगिक विकास विभाग के प्रतिनिधि**

15. **श्री प्रवीण मिश्रा** ........... सदस्य
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
नामति सदस्य
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,
**उत्तर प्रदेश शासन।**

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

:: कार्यवाही का विवरण ::

बोर्ड के मा0 सदस्यों के स्वागत के साथ प्रबन्ध बोर्ड की बैठक आरम्भ हुई।

**30.22.01 बोर्ड के नवनियुक्त मा0 सदस्यों का स्वागत एवं परिचय।**

प्रबन्ध बोर्ड के पूर्व सदस्यों को धन्यवाद एवं नवनियुक्ति सदस्यो के अभिनन्दन एवं परिचय के साथ बैठक आरम्भ की गई।

**30.22.02 प्रबन्ध बोर्ड की उनतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 30 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न हुई उनतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**30.22.03 प्रबन्ध बोर्ड की उनतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 30 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न हुई उनतीसवीं बैठक के कार्यवृत्त पर कृत कार्यवाही के विवरण को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा संज्ञान में लिया गया एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**30.22.04 विद्या परिषद् की 20वीं एवं 21वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विद्या परिषद् की दिनाँक 29 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई 20वीं एवं दिनांक 30 अगस्त, 2022 को सम्पन्न हुई 21वीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**30.22.05 वित्त समिति की 23वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

वित्त समिति की दिनाँक 28 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुई 23वीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**30.22.06 मा0 कुलपति महोदय के द्वारा विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने की सूचना से बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराना एवं मा0 कुलपति महोदय के द्वारा विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय।**

बोर्ड के मा0 सदस्य **प्रो0 रवीन्द्र कुमार सिन्हा, प्रोफेसर ऑफ एप्लाइड फिजिक्स, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के द्वारा** कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्धनगर का पदभार दिनाँक 28 जनवरी, 2022 (पूर्वाह्न) को ग्रहण किए जाने से अवगत हुये। साथ ही मा0 कुलपति महोदय के द्वारा पी.पी.टी के माध्यम से बोर्ड के मा0 सदस्यों को विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना, विजन, मिशन विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों, विभागों एवं उनमें संचालित पाठ्यक्रमों की सूचना, Recognition, Memberships and Certifications and certification, University Strengths, Recent Achievements/ Initiatives, Centers of Excellence, Academia-industry linkages, Roadmap for excellence इत्यादि से बोर्ड के मा0 सदस्यों को अवगत कराया।

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

**30.22.07 विश्वविद्यालय के शिक्षकों हेतु सातवाँ वेतन आयोग लागू किये जाने के सम्बन्ध में विद्या परिषद् द्वारा लिये गये निर्णय पर विचार एवं अनुमोदन।**

प्रबन्ध बोर्ड को अवगत कराया गया कि दिनांक 30 अगस्त, 2022 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद् की 21वीं बैठक के मद संख्या 21.06 पर द्वारा विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सातवाँ वेतन आयोग की संस्तुतियोंनुसार, दिनांक 01 सितम्बर, 2022 से वेतन प्रदान किये जाने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की गई।

जिसके क्रम में प्रन्बध बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सातवाँ वेतन आयोग की संस्तुतियोंनुसार, दिनांक 01 सितम्बर, 2022 से वेतन प्रदान किंये जाने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की गई।

**30.22.08 शिक्षकों के विनियमितीकरण हेतु पूर्व में गठित समिति की संस्तुतियों पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों को इस सम्बन्ध में निम्न क्रमानुसार अवगत कराया गयाः—

1. दिनाँक 08 जुलाई 2021 को सम्पन्न हुई प्रबन्ध बोर्ड की अठाईसवीं बैठक के मद संख्या 28.21.08 पर प्रस्तावित प्रस्ताव पर चर्चा कर बोर्ड द्वारा विश्वविद्यालय के अध्यादेश की धारा 17 में वर्णित व्यवस्था के क्रम में संविदात्मक संकाय सदस्यों के विनियमितीकरण हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए मा0 न्यायमूर्ति श्री राजेश टण्डन (सेवानिवृत) मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में एक त्रि—सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।
2. गठित त्रि सदस्यीय समिति के द्वारा उपलब्ध कराई गई संस्तुति को पत्रांक संख्या जी0बी0यू0—001/वी0सी0/02 /2021—3124 दिनांक 31 अगस्त, 2021 के माध्यम से विश्वविद्यालय के औद्योगिक विभाग से उच्च शिक्षा विभाग में अन्तरण की प्रक्रिया के चलते, शासन के संज्ञानार्थ एवं इस सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु प्रेषित किया गया था किन्तु अद्यतन शासन से प्रत्युत्तर प्राप्त नही हुआ। पुनः पत्रांक संख्या जी0बी0यू0—001/वी0सी0/प्र0बो0/17/2022—3164 दिनाँक 30 अप्रैल 2022 को शासन को प्रेषित कर दिशा निर्देश मांगे गये थे किन्तु पुनः शासन से इस सम्बन्ध में कोई दिशा—निर्देश/प्रत्युत्तर प्राप्त नही हुये।
3. बोर्ड के मा0 सदस्यों को यह भी अवगत कराना है कि यह संकाय सदस्य विश्वविद्यालय में लगभग 12 वर्षो से कार्यरत है तथा इन्हें सभी सुविधाऐं भी नियमित कर्मचारियों की तरह ही प्राप्त हो रही है।

इस मद/बिन्दु पर प्रबन्ध बोर्ड में नामित विश्वविद्यालय के आंतरिक सदस्य तथा कुलसचिव चर्चा एवं मत देने से विरत रहें। शासन के द्वारा नामित सदस्य कतिपय अपरिहार्य कारणों से बैठक में उपस्थित नही हो पाये।

**::निर्णय::**

अतः बोर्ड के मा0 अध्यक्ष एवं शिक्षा सोसाइटी द्वारा नाम निर्दिष्ट तीनों सदस्यों के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि चूंकि संकाय सदस्य विश्वविद्यालय में लगभग 12 वर्षो से कार्यरत है तथा इन्हें सभी सुविधाऐं भी नियमित कर्मचारियों की तरह ही प्राप्त हो रही हैं। अतः विश्वविद्यालय के व्यापक हित में इनका विनियमितीकरण यथाशीघ्र किया जाना आवश्यक है। चूंकि शासन के द्वारा नामित सदस्य कतिपय अपरिहार्य कारणों से बैठक में उपस्थित नही हो सके इसलिए एक बार पुनः अनुस्मारक प्रेषित किया जाये।

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

**30.22.09 रिसर्च/फैकल्टी एसोसिएट के पदनाम परिवर्तन एवं वेतन में वृद्धि एवं इस सम्बन्ध में विद्या परिषद की 21वीं बैठक में लिये गये निर्णय पर विचार एवं अनुमोदन।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यरत 23 रिसर्च/फैकल्टी एसोसिएट के पदनाम को असिस्टेंट प्रोफेसर (ऑन कान्ट्रेक्ट) में परिवर्तन किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव को इस शर्त के साथ अनुमोदित किया कि उनके नियुक्ति पत्र में अंकित समस्त नियम एवं शर्ते यथावत लागू रहेगें एवं पदनाम परिवर्तन बैठक कार्यवृत्त हस्ताक्षर होने के उपरान्त ही लागू माना जायेगा। साथ ही बोर्ड ने इनके वेतन में निम्नानुसार वृद्धि किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। विद्या परिषद की 21वीं बैठक में भी इसे अनुमोदित किया जा चुका है।

1- For Non Ph.D holder salary increase from INR 45,000/- to INR 50,000/- Per Month.
2- For Ph.D holder salary increase from INR 48,000/- to INR 53,000/- Per Month.

**30.22.10 विश्वविद्यालय पुस्तकालय हेतु गठित Collection development Committee की संस्तुतियों पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय पुस्तकालय की Collection development Committee की निम्न संस्तुतियों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

*"विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव और स्कूल के अधिष्ठाता कोई भी पुस्तक पुस्तकालय से क्रय करने के लिए अनुशंसा भेज सकते है। जिस पर किसी अन्य संकाय सदस्य एवं पदाधिकारियों के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है। लेकिन पुस्तकों को क्रय करने की परिसीमा राशि एक वर्ष में केवल रू0 25,000/— (पच्चीस हजार रूपये मात्र) की ही होगी।"*

**30.22.11 विश्वविद्यालय में डाइरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर का पद सृजित किये जाने पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय में डाइरेक्टर इंटरनेशनल अफेयर का 01 पद सृजित किये जाने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि इस पद की योग्यताओं एवं अहर्ताओं के निर्धारण हेतु विश्वविद्यालय अपने स्तर से एक समिति का गठन करे।

**30.22.12 विश्वविद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों के पदोन्नति और शिक्षणेत्तर कार्मिकों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0)/पदोन्नति दिये जाने के लिए समिति के गठन पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय मे कार्यरत शिक्षकों के पदोन्नति और शिक्षणेत्तर कार्मिकों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0)/पदोन्नति दिये जाने के लिए प्रस्तुत प्रस्तावानुसार समिति का गठन किये जाने हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। साथ ही बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा गठित की जाने वाली समिति को एक तय सीमा के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने हेतु भी आदेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

**30.22.13 विश्वविद्यालय मे वेतनमान पर कार्यरत कार्मिकों (शैक्षिक/शिक्षणेत्तर) के अधिकतम दो बच्चों (पुत्र/पुत्री) को टयूशन फीस में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विश्वविद्यालय मे वेतनमान पर कार्यरत कार्मिकों (शैक्षिक/शिक्षणेत्तर) के अधिकतम दो बच्चों (पुत्र/पुत्री) को टयूशन फीस में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

**30.22.14 विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों एवं विभागों से समय-समय पर प्राप्त होने वाले प्रस्तावों पर विचार एवं निर्णय।**

बोर्ड मा0 सदस्य अवगत हुए कि विश्वविद्यालय के किसी भी स्कूल एवं विभाग से कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ।

**30.22.15 मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील न0-3913/2022, एस.एल.पी (सिविल) न0-9214/2022 एवं डायरी न0-17212/2002 में दिये गये आदेश के अनुपालन हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही पर निर्णय।**

मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील न0-3913/2022 में दिये गये आदेश दिनांक 12.05.2022 के अनुपालन में प्रबन्ध बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में संविदात्मक सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर के पद को सृजित करते हुये श्री के0 रघुपति की संविदात्मक सेवाओं को एक वर्ष के लिए विस्तारित करते हुए इस सम्बन्ध में इनके विभाग स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एंड एप्लाईड साईसेंज में पुर्नस्थापन हेतु कार्यालय आदेश निर्गत करने का अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही साथ प्रबन्ध बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि चूँकि श्री के0 रघुपति लगभग 08 वर्षों के लम्बे अंतराल तक विश्वविद्यालय की सेवा में नहीं थे, अतः प्रबन्ध बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से यह मतस्थिर किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा इनकी विजिलेंस रिपोर्ट/पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट प्राप्त किया जाना समीचीन होगा तथा इनकी पुर्नस्थापन-योगदान आख्या विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त विजिलेंस रिपोर्ट/पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय में विश्वविद्यालय द्वारा दाखिल पुनर्विलोकन याचिका (Review Petition) डायरी क्रमांक 20905/2022 पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होगी।

**30.22.16 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार।**

**30.22.16 (1) विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों (शैक्षिक/शिक्षणेत्तर) हेतु ग्रेच्युटी (उपदान) कि व्यवस्था लागू किये जाने पर निर्णय।**

बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों (शैक्षिक/शिक्षणेत्तर) हेतु ग्रेच्युटी (उपदान) कि व्यवस्था पूर्व में सक्षम स्तर द्वारा इस सम्बन्ध में गठित समिति की संस्तुतियों के अनुसार एवं इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार लागू किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

Prof. Ravindra Kumar Sinha
Vice Chancellor
Gautam Buddha University
Greater Noida (U. P.)

**30.22.16 वित्त समिति की 24वीं बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

(2) वित्त समिति की दिनाँक 19 सितम्बर, 2022 को सम्पन्न हुई 24वीं बैठक के कार्यवृत्त को बोर्ड के मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बोर्ड के मा0 सदस्यों ने निर्देशित किया कि 24वीं बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 2022.24.204 को निम्नानुसार संशोधित कर लिया जाये।

*"संकाय सदस्यों/शिक्षणेत्तर अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0)/पदोन्नति लागू किए जाने पर विचार एवं अनुमोदन"*

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

**(डॉ0 विश्वास त्रिपाठी)**
सचिव, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलसचिव
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

**(प्रो0 रवीन्द्र कुमार सिन्हा)**
अध्यक्ष, प्रबन्ध बोर्ड
एवं
कुलपति
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय